भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1361

उत्तर देने की तारीख-27/07/2026

महाराष्ट्र में नए केंद्रीय विद्यालयों और पीएम श्री स्कूलों की स्थापना

1361. **श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर:**

श्री संजय उत्तमराव देशमुखः

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को महाराष्ट्र और अन्य राज्यों से नए केंद्रीय विद्यालयों (केवी) और पीएम स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) स्कूलों की स्थापना के लिए प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो ऐसे प्राप्त हुए प्रस्तावों की जिला-वार संख्या कितनी है और इन प्रस्तावों की वर्तमान स्थिति क्या है, और इनकी स्वीकृति और कार्यान्वयन की समय-सीमा क्या है;

(ग) वर्तमान में महाराष्ट्र राज्य में संचालित केंद्रीय विद्यालयों और पीएम श्री स्कूलों की कुल संख्या कितनी है;

(घ) क्या जनप्रतिनिधि द्वारा धाराशिव जिले में केंद्रीय विद्यालय और पीएम श्री स्कूल स्थापित करने के लिए दिए गए प्रस्ताव पर सरकार द्वारा विचार किया गया है और यदि हां, तो इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ङ) क्या महाराष्ट्र के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण सीबीएसई से संबद्ध केंद्रीय विद्यालयों की उपलब्धता संबंधी मांग और आपूर्ति में कोई अंतर मौजूद है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) क्या सरकार ने नए केंद्रीय विद्यालयों या पीएम श्री स्कूलों की स्थापना के लिए धाराशिव सहित महाराष्ट्र में किसी नए स्थान या शैक्षणिक रूप से पिछड़े जिलों की पहचान की है; और

(छ) यदि हां, तो वाशिम-यवतमाल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के विशिष्ट संदर्भ में तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (छ) नए केंद्रीय विद्यालय (केवि) खोलना एक सतत् प्रक्रिया है। केवि पूरे देश में शिक्षा का एक समान कार्यक्रम प्रदान करने हेतु मुख्य रूप से केन्द्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों सहित रक्षा और अर्धसैनिक कर्मियों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थान (आईएचएल) के बच्चों की शैक्षिक

आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। नए केवि खोलने के प्रस्तावों को भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किया जा सकता है जिसमें केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) के मानदंडों के अनुसार एक नया केवि स्थापित करने के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित अपेक्षित संसाधन प्रदान करने की प्रतिबद्धता शामिल होती है। ये प्रस्ताव मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन हैं। केवि ग्रामीण/शहरी/पिछड़े जिलों/आकांक्षी जिलों/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र आदि के आधार पर नहीं खोले जाते हैं।

वर्तमान में, महाराष्ट्र राज्य में वाशिम-यवतमाल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 02 केवि अर्थात पीएम श्री केवि, वाशिम और केवि, यवतमाल सहित 63 केवि कार्यात्मक हैं। सभी केवि पूरे देश में शिक्षा का एक समान कार्यक्रम प्रदान करके सीबीएसई से संबद्ध हैं।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, नए केवि खोलने के लिए महाराष्ट्र राज्य सरकार/जिला प्रशासन से केविसं के मानदंडों के अनुसार कोई व्यवहार्य प्रस्ताव केविसं को प्राप्त नहीं हुआ है।

नए केवि खोलने के लिए प्रायोजक प्राधिकरणों से प्राप्त प्रस्तावों की विभिन्न स्तरों पर जांच/प्रसंस्करण किया जाता है और अन्य बातों के साथ-साथ संसाधनों की उपलब्धता और समग्र व्यवहार्यता सहित विभिन्न कारकों को ध्यान में रखते हुए, मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार समग्र तरीके से विचार किया जाता है।

प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसका उद्देश्य केंद्र सरकार/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार/स्थानीय निकायों द्वारा प्रबंधित मौजूदा स्कूलों में से 14,500 से अधिक स्कूलों को सुदृढ़ करना है।

पीएम श्री योजना के तहत, पीएम श्री स्कूलों का चयन चुनौती पद्धति के माध्यम से किया जाता है, जिसमें स्कूल अनुकरणीय स्कूल बनने के लिए सहायता हेतु प्रतिस्पर्धा करते हैं। पीएम श्री योजना के तहत स्कूलों का चयन करने के लिए सरकार द्वारा अपनाए गए मानदंड पीएम श्री फ्रेमवर्क की "चयन पद्धति" के तहत प्रदान किए गए हैं, जो लिंक: https://pmshri.education.gov.in/assets/pdf/part1_pmshri.pdf पर उपलब्ध हैं।

पीएम श्री योजना के तहत, महाराष्ट्र राज्य से 52 केवि सहित कुल 946 स्कूलों का चयन किया गया है। पीएम श्री स्कूलों का विवरण पीएम श्री योजना की वेबसाइट पर इस लिंक: https://pmshri.education.gov.in/state पर देखा जा सकता है।

*****